तापमान

अधिकतम 40 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026



12 रिंग रोड से पंजोखरा साहिब तक बनेंगे तीन...





12 हांफ रही आंगनवाड़ी व्यवस्था, जच्चा-बच्चा...




## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लड़ाई झगड़ा कर चोट पहुंचाने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता मेघन ने 29 अप्रैल को शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने रंगिया मंडी बड़ा गुरुद्वारा अंबाला छावनी के पास उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। थाना पड़ाव पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान सूरज, नवल, श्रवण व राज कुमार निवासी गांव नन्हेड़ा के रूप में हुई है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में हरियाणा ब्यूटी पार्लर के पास से एक्टिवा चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। शिकायतकर्ता आजाद भारती ने बताया कि 23 अप्रैल को आरोपी ने हरियाणा ब्यूटी पार्लर के पास से एक्टिवा चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। एवीटी टीम ने तकनीकी संसाधनों के आधार पर कार्यवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उससे एक्टिवा बरामद कर ली है। आरोपी की पहचान विशाल निवासी रामबाग रोड के रूप में हुई है।

### समाधान शिविर में सुनीं आमजन की शिकायतें

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, शिविर में कुल 23 शिकायतें आई। एडीसी अंकित चौकसे ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

### पुलिस ने फैक्ट्री जलाने की जांच शुरू की

**समालखा।** थाना समालखा पुलिस ने गांव डिडवाड़ी स्थित कौशिक टेक्सटाइल में मंगलवार को हुई भीषण आगजनी की घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं, फैक्ट्री के संचालक ऋषि कौशिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर आरोप लगाया कि उनकी फैक्ट्री में हरियाणा रोडवेज से रिटायर चालक कृष्ण ने आग लगाई है। कृष्ण उनकी फैक्ट्री परिसर से अपने खेतों के लिए जबरन रास्ता मांग रहे हैं, नहीं देने पर उसने उनकी फैक्ट्री आग में जला दी। ऋषि ने इस मामले की लिखित शिकायत थाना समालखा को साक्ष्यों के साथ दी है।

## बरसात के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत, मौसम हुआ सुहावना

# बारिश के साथ गिरे ओले, तापमान में गिरावट से मौसम में घुली ठंडक

मौसम विभाग का मानना है कि आने वाले दो दिनों में गर्मी से और भी निजात मिल सकती है। जिले में वीरवार को आई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी।

लगातार 41 से ऊपर चल रहे तापमान में करीब सात से नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वीरवार दोपहर बारिश के बाद अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक लुढ़क गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहबाद

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे जिलावासियों को वीरवार को हुई बारिश के बाद सुकून मिला। वही बारिश के कारण अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं भीग गया। वीरवार दोपहर करीब दो बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। आसमान में घने बादल छा गए।

थोड़ी ही देर में ठंडी हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते बारिश की बूंदे धरती की तपिश को ठंडा करते दिखीं। थोड़ी देर तक हुई झमाझम बारिश ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले भी पड़े। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया।

गर्मी से परेशान लोग बारिश का आनंद लेने के लिए घरों से बाहर निकल आए। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। लगातार 41 से ऊपर चल रहे तापमान में करीब सात से नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वीरवार दोपहर बारिश के बाद अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक लुढ़क गया। मौसम विभाग का मानना है कि आने वाले दो दिनों में गर्मी से और भी निजात मिल सकती है। जिले में वीरवार को आई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। बारिश के साथ ओले भी गिरे।



कुरुक्षेत्र। बारिश के बाद ब्रह्मसरोवर का नजारा। फोटो : हरिभूमि

### अधिकतम तापमान 33 व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज

*मौसम विभाग के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 33 व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि पिछले कुछ दिन से पसीने छुड़ाने वाली गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। लोगों का गर्मी से बुरा हाल था। गर्मी लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रही थी, लेकिन वीरवार दोपहर को जिले में बारिश होने से लोगों ने राहत भरी सांस ली। जिले में हुई बारिश के कारण शाम को ठंडी हवा चली। लोग घरों से बाहर निकल कर मौसम का लुत्फ उठाते दिखे। शाम को शहर का मौसम सुहावना होने के बाद पार्कों में लगे झूलों पर बच्चों ने मस्ती की। वहीं बाजारों में भी रौनक लौटी।*



यमुनानगर। रादौर से संदीप सैनी व अन्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

हरियाणा कौशल रोजगार निगम में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य रूप से सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी मौजूद रहे।

प्रधान संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मचारियों की जॉब सुरक्षा को लेकर मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर संदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लाखों कर्मचारी जॉब सुरक्षा की बाट जोह रहे है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को 15 जून 2026 से पहले जॉब सुरक्षा का वादा किया था, लेकिन अभी तक कई विभागों को जॉब सुरक्षा को लेकर कोई भी पत्र जारी नहीं किया। जिससे कर्मचारियों को उनकी नौकरी जाने का डर लगा रहता है। उन्होंने जल्द से जल्द कर्मचारियों की जॉब सुरक्षा को लेकर पत्र जारी करने की मांग की।

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़प लिए साढ़े चार लाख रुपये

- आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज
- बेटे सुजल को आस्ट्रेलिया भेजना चाहता था पीड़ित व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर कैंप निवासी रामवीर सिंह से साढ़े चार लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप विक्रांत शर्मा नामक व्यक्ति पर लगा है। रामवीर सिंह अपने बेटे सुजल को आस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कैंप निवासी रामवीर ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे सुजल को विदेश भेजना चाहता था। इसी दौरान उनकी मुलाकात विक्रांत शर्मा नाम के व्यक्ति से हुई। जिसने खुद को विदेश भेजने का काम करने वाला एजेंट बताया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह उनके बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेज देगा। आरोपी ने पहले उसे एक लाख रुपये जमा करवाने को कहा। इसके बाद अलग-अलग तारीखों पर उनके बेटे के खाते से आरोपी को कई किस्तों में पैसे ट्रांसफर किए गए। इस दौरान आरोपी ने उनसे साढ़े चार लाख रुपये ले लिए। आरोपी लगातार अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे मांगता रहा। पीड़ित ने बताया कि 26 नवंबर की रात आरोपी ने फोन कर कहा कि उसका वीजा आ गया है और अब मुंबई से फ्लाइट पकड़नी होगी। इसके लिए और पैसे की मांग की गई। जब शक हुआ तो उन्होंने जाने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने फोन बंद कर लिया और फरार हो गया।

### आरोपी की तलाश जारी

मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रिफाइंड तेल फैक्ट्री में आग, करोड़ों का नुकसान

मुनक के पास करनाल रोड स्थित यूनिट में दोपहर को हादसा, कारणों का अभी तक पता नहीं चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले के मुनक गांव के पास करनाल रोड पर स्थित एक रिफाइंड तेल फैक्ट्री में वीरवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

बताया जा रहा है कि फैक्ट्री घरोण्डा निवासी जयकिशन की 'सावरियां ओवरसीज' के नाम से संचालित है। आग लगते ही वहां काम कर रहे श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी अपनी जान बचाकर बाहर की ओर भागे और तुरंत फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी।



करनाल। रिफाइंड तेल फैक्ट्री में धधकती आग का दृश्य।

### कीमती सामान जलकर हुआ खाक

आग इतनी भीषण थी कि दमकल टीम के पहुंचने तक फैक्ट्री को भारी नुकसान हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हादसे में करोड़ों रुपये का बॉयलर, लाखों रुपये के पराली के गट्ठे, पुरानी केबल और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीमों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। फैक्ट्री मालिक के अनुसार, इस आगजनी से उसे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

### पुलिस जांच में जुटी

*मौके पर पहुंचे मुनक थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दमकल विभाग की गाड़ियां देर तक आग बुझाने में जुटी रहीं।*

## पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, गर्भवती हुई किशोरी

थाना तहसील कैंप पुलिस ने केस दर्ज किया
पीड़िता के बयान दर्ज व मेडिकल जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल से लापता हुई दुष्कर्म पीड़ित गर्भवती किशोरी की पुलिस ने तलाश की और लड़की को उसके घर से बरामद किया। पुलिस पीड़िता को थाने ले आई और यहां पर पीड़ित लड़की व उसकी मां के बयान दर्ज किए। वहीं, पुलिस ने पीड़िता की सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई। जबकि सीडब्ल्यूडी के समक्ष दुष्कर्म से गर्भवती हुई किशोरी के बयान दर्ज करवाए। दूसरी ओर, लड़की अपनी मां के साथ बुधवार को सिविल अस्पताल पहुंची थी। वहीं, पुलिस टीम लेट होने पर पीड़िता अपनी मां के साथ घर पर लौट गई थी। इधर, अस्पताल से चले जाने की जानकारी नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्या ने इस गंभीर मामले में पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह के संज्ञान में डाला। एसपी सिंह के आदेश पर पुलिस हरकत में आई और लड़की व उसकी मां को तलाश लिया। दूसरी ओर, थाना तहसील कैंप पुलिस की जांच में पता चला कि पड़ोसी युवक ने लड़की को नशीला पदार्थ पिलाया और बेसुध होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, इस घृणित कृत्य के चलते किशोरी तीन माह की गर्भवती है। दूसरी ओर, पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश में भी दबिश दी, वहीं, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया।

### नशीला पदार्थ पिलाकर की वारदात

**पानीपत।** पानीपत में अनमोल नामक युवक ने अपने साथ काम करने वाली अपनी पूर्व सहकर्मी को घर छोड़ने के बहाने लिफ्ट दी और नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ रेप किया। अनमोल ने पीड़िता की नाबालिग छोटी बहन के साथ भी छेड़खानी की और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वहीं, पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने अनमोल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (दुष्कर्म), 78 (छेड़खानी), 351(3) (जान से मारने की धमकी) और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने पीड़िता व उसके बहन के बयान दर्ज किए। वहीं, पीड़िता की पानीपत के सिविल अस्पताल में मेडकल जांच करवाई। आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## खनन सामग्री से भरे ट्राले की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

- व्यासपुर के चौराही मोड़ के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

व्यासपुर के चौराही मोड़ के पास खनन सामग्री से भरे ट्राला की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव छोली निवासी अवनीश कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 49 वर्षीय रमेश शर्मा व्यासपुर में वेल्डिंग की दुकान चलाता था। बुधवार को वह अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह चौराही मोड़ के पास पहुंचा तो खनन सामग्री से भरे तेज रफ्तार से आ रहे ट्राला चालक ने रमेश शर्मा की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रमेश शर्मा ट्राला के टायर के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम की सफलता

## व्यक्ति से बरामद की 36 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव मनभर वाला के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 36 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में एक लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था।



- आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत एक लाख 80 हजार रुपये

इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव मनभर वाला के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 36 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब एक लाख 80 हजार रुपये है। उसने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव देवधर निवासी असलम खान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चोरों ने फैक्ट्री से चुराया लाखों रुपये का सामान

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव साबापुर स्थित फैक्ट्री से चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव साबापुर निवासी रोशन लाल कांबोज ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही फैक्ट्री है। 29 अप्रैल को देर शाम वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर चला गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो फैक्ट्री से सामान गायब मिला। जांच करने पर फैक्ट्री से नौ टैकस्चर मोल्ड प्लेट्स, पांच सिंपल प्लेट्स, 10 बिजली की मोटर, 10 पाइप लाइन के वाल, एक ड्रायर की स्टील ट्रे, ड्रायर चैन कवर, एक ब्लोअर पंखा, कॉपर केबल व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब आठ लाख रुपये है। उसने चोरों की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मिर्च के भाव नहीं बढ़े तो सब्जी उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ होगा बड़ा नुकसान

शिमला मिर्च की फसल से आर्थिक स्थिति मजबूत होने की जगी आस

# लागत के अनुरूप भाव नहीं मिलने से शिमला मिर्च उत्पादक किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

परंपरागत फसलें छोड़कर सब्जी की फसलों की पैदावार करने के प्रति बढ़े रुझान के अंतर्गत इस बार शिमला मिर्च की फसल के भाव नहीं बढ़ने से सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हो उठे हैं। सब्जी उत्पादक किसानों के मुताबिक इस बार शिमला मिर्च का मूल्य लागत के अनुरूप नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों को चिंता है कि यदि अगले कुछ दिनों में शिमला मिर्च की फसल से मूल्य में वृद्धि नहीं हुई तो उन्हें प्रति एकड़ हजारों रुपये का नुक्सान होने की संभावना है।

सरकारी आंकड़ों की बात करें तो जिले में इस बार करीब चार हजार एकड़ में शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। अधिकांश खेतों में अगेती लगी शिमला मिर्च की फसल तैयार हो चुकी है और उसकी तुड़ाई चल रही है। किसानों की मानें तो शिमला मिर्च के भाव अभी थोक में जहां 6 से 8 रुपये तक प्रति किलोग्राम हैं। वहीं, परचून में शिमला मिर्च प्रति किलो नौ से दस रुपये दामों पर बिक रही है। वीरवार को व्यापारियों ने कई जगह खेतों में पहुंचकर शिमला मिर्च को छह से आठ रुपये प्रति किलोग्राम खरीदा।



यमुनानगर। जठलाना क्षेत्र के एक खेत में लहलहाती शिमला मिर्च की फसल। फोटो : हरिभूमि

### आर्थिक स्थिति मजबूत करने को खेतों में लगाई शिमला मिर्च

सब्जी उत्पादक किसान जसबीर सिंह, रिंकू, राजबीर सिंह, पून्ना, शिवपाल, राजेंद्र व प्रदीप आदि ने बताया कि उन्होंने इस बार अन्य फसलों को छोड़कर अपने खेतों में शिमला मिर्च की फसल लगाई हुई है। पिछले करीब एक सप्ताह से वह खेतों में तैयार हो चुकी शिमला मिर्च की तुड़ाई करवा रहे हैं। वीरवार को उनके खेतों से व्यापारियों ने छह रुपये से लेकर आठ रुपये प्रति किलोग्राम तक अच्छी गुणवत्ता की शिमल मिर्च की खरीद की है। जिससे उनके खेतों में फसल की पैदावार करने में किए गए खर्च के भी पूरा होने की उम्मीद नहीं है। यदि अगले कुछ दिनों में शिमला मिर्च के भाव नहीं बढ़े तो उन्हें प्रति एकड़ हजारों रुपये का नुक्सान हो सकता है। किसानों ने बताया कि गत वर्ष इन दिनों शिमला मिर्च के भाव 27 से 28 रुपये थोक में प्रति किलोग्राम थे। मगर इस बार शिमला मिर्च के इस समय पिछले साल की अपेक्षा दामों में तीन गुणा कमी चल रही है। जो किसानों के हित में नहीं है।

## खबर संक्षेप



### शगुन योजना से जरूरतमंद बेटी को मिला सहारा

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा ने शगुन योजना के तहत एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग और आवश्यक सामान भेंट कर एक बार फिर इंसानियत और सेवा का परिचय दिया। सतपाल की बेटी के विवाह के अवसर पर क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से शगुन प्रदान किया। यह केवल एक औपचारिक सहयोग नहीं, बल्कि संवेदनाओं और अपनत्व से जुड़ा एक ऐसा क्षण था, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

### फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 42 लोगों का स्वास्थ्य



**पिहोवा।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गुरुवार को गांव गुमथलागढ़ू में पहुंची। यहां डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने 42 लोगों चेकअप करने के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। जबकि 2 लैब टेस्ट किए गए। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह और हलका प्रभारी जीत राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं।

### केयू के 6 एमबीए छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) के एमबीए 10वें सेमेस्टर के छह विद्यार्थियों का चयन संस्थान परिसर में आयोजित कैंपस भर्ती अभियान के दौरान इंडिया ट्रेनर्स कंपनी में हुआ। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कौशल-आधारित शिक्षा ही छात्रों को कॉर्पोरेट जगत में सफलतापूर्वक स्थापित करने का सशक्त माध्यम है।

### सरपंच पद के उपचुनाव की तैयारियां पूर्ण

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 2026 के तहत जिला के गांव बोडा की ग्राम पंचायत में सरपंच पद और गांव सरस्वती खेडा कॉलोनी के वार्ड नंबर 6 में पंच पद के लिए उप चुनाव करवाए जा रहे हैं। इन चुनावों के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सरपंच पद के चुनाव के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोडा और पंच पद के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरस्वती खेडा कॉलोनी में मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। दोनों स्थानों पर एक-एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है, जहां पर 10 मई को मतदान होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि जिला में रिक्त एक सरपंच पद, 23 पंच पदों पर चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी की गई थी।

### आयुष विश्वविद्यालय में आज बीएमडी जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में आज एक मई शुक्रवार को बोन मिनरल डेंसिटी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की हड्डियों की निःशुल्क जांच की जाएगी, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सके। इसके साथ ही मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जाएंगी और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

# विदाई समारोह में सम्मान पाकर भावुक हुए सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी

36-37 वर्षों तक सेवाएं देने वाले अधिकारियों का अभिनंदन, कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस करनाल में अपनी लंबी और सराहनीय सेवाएं देने के बाद 9 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार (एचपीएस) सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। उप पुलिस अधीक्षक ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में निरीक्षक राम अवतार, गुरनाम सिंह, नरेश कुमार, बलवान सिंह, राजीव कुमार, सूरजमल और रमेशचंद यशपाल सिंह शामिल हैं, जिन्होंने करीब 34 से 37 वर्षों तक पुलिस विभाग में सेवाएं दीं। इसके अलावा सहायक उप निरीक्षक संतरपाल सिंह ने 25 वर्ष से अधिक तथा मुख्य सिपाही धर्मबीर सिंह ने लगभग 18 वर्ष तक अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।

इन कर्मचारियों ने अपने सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कई सम्मान और रिवॉर्ड भी प्राप्त किए, जिससे विभाग का गौरव बढ़ा।



करनाल। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों का सम्मान करते एसपी राजीव कुमार। फोटो :हरिभूमि

### सेवाओं की सराहना

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पुलिस विभाग में इन कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा है। इन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया। ऐसे कर्मियों का अनुभव और सेवाएं हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। जिला पुलिस करनाल की ओर से सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी को विदाई देते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी सेवानिवृत्त

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल प्रेम नगर करनाल से मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी अपनी 29 वर्ष की सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत हुए हैं। उनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। उनके विदाई समारोह में शामिल जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मंच पर बोलते हुए कहा कि उनका कार्यकाल बहुत ही बेहतरीन रहा है इन्होंने विद्यालय के लिए बहुत से ऐसे कार्य किए हैं जिनको सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से पूरा किया गया है ।शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने पर वर्ष 2021 में इनको राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ।इस अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य संदीप कौर ने भी इस अवसर पर उनको आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं तथा उनके द्वारा किए गए विद्यालय सुधार के कार्य की प्रशंसा की । प्रेम नगर स्कूल स्टाफ द्वारा उनको उनको उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक के परिवार से आए हुए सदस्य उनके भाई ओमप्रकाश व उनकी पत्नी किरण ने भी उनकी जीवन शैली के बारे में परिचय करवाया। कार्यक्रम मैं नुपूर सोलंकी ,नवीन,महेन्द्र,योगेश ,भारती, मजू, हेमलता, सोनिया, कांता, गीता, पंकज, रीना,रेणु, किरण, शिवकुमार, अनिल सैनी, दलीप सिंह विजय शर्मा उपस्थित रहे।



### गुरु अमरदास के प्रकाश पर्व पर लगाई छबील

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में सिखों के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज परिसर में गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की शुरुआत की गई, जिसमें प्रबंधन, स्टाफ और विद्यार्थियों ने माथा टेका। इसके बाद कॉलेज के मुख्य द्वार पर मीठे जल की छबील लगाकर संगत की सेवा की गई। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कहा कि गुरुओं के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा और कर्तव्य पालन करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सेवा, त्याग और परोपकार की भावना को अपनाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।




### एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

**करनाल।** जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक स्तर पर टीकाकरण की प्रगति का आकलन किया गया। एडीसी ने शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि 14-15 वर्ष की छात्राओं को वैक्सीन के प्रति जागरूक किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 3600 लड़कियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है, जबकि लक्ष्य 12,938 का है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी प्रकार का दुष्प्रभाव सामने नहीं आया है।

## मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर डटे फायर कर्मचारी

■ मांगों को लेकर आंदोलन तेज, करनाल दमकल केंद्र पर धरना जारी; चंडीगढ़ वार्ता बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



फायर कर्मचारियों के चल रहे आंदोलन को अब सफाई कर्मचारियों का भी समर्थन मिल गया है। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने एक और दो मई को पूरे हरियाणा में हड़ताल का ऐलान किया है, जिसके तहत शुक्रवार और शनिवार को सफाई व्यवस्था ठप रहेगी। इससे प्रदेशभर में जनसेवाओं पर असर पड़ने की संभावना है। गुरुवार को चंडीगढ़ में उच्च अधिकारियों के साथ हुई नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की बैठक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। इधर करनाल के दमकल केंद्र में फायर कर्मचारी लगातार धरने पर डटे हुए हैं। पांच कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं, जिससे आंदोलन और तेज हो गया है। धरने की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान संदीप त्यागी ने की, जबकि संचालन सुनील राणा ने किया।

संदीप त्यागी ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ और नगर पालिका कर्मचारी संघ का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए और उनकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए। कर्मचारियों ने फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो फायर कर्मियों को शहीद का दर्जा देने और उनके परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि दमकल कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। धरने के दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने आंदोलन को समर्थन देते हुए इसे और मजबूत करने का भरोसा दिया।

## निकाय चुनाव में भाजपा को मिलेगा प्रचंड जनसमर्थन : मेयर रेणु बाला

■ अंबाला, सोनीपत व पंचकूला में प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल मजबूत, 10 मई को कमल पर मुहर की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अखिल भारतीय महापौर परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता ने आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा की बड़ी जीत का दावा किया है। उन्होंने अंबाला सिटी से अक्षिता सैनी, सोनीपत से राजीव जैन और पंचकूला से श्यामलाल बंसल को सक्षम उम्मीदवार बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की। मेयर ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए जनता 10 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी। केंद्र और राज्य के बाद अब नगर निगमों में भी भाजपा की जीत से "ट्रिपल इंजन" सरकार को मजबूती मिलेगी और शहरों का तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और बुजुर्गों सहित हर वर्ग भाजपा की नीतियों से प्रभावित है और पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है।

### विकास और अंत्योदय पर फोकस



मेयर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी भर्ती और जनहितकारी योजनाओं के जरिए जनता का विश्वास जीता है। अंबाला, सोनीपत और पंचकूला में भाजपा उम्मीदवारों को भारी समर्थन मिलेगा और शहरों को स्मार्ट बनाने की दिशा में काम होगा।



## आज से शुरू होगा घर-घर हाउस लिस्टिंग कार्य

■ जनगणना के लिए आमजन से सहयोग और सही जानकारी देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एडीसी डॉ. राहुल रईया ने बताया कि 1 मई से 30 मई तक घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी क्षेत्र छूटना नहीं चाहिए और कार्य की नियमित निगरानी की जाए। एडीसी ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की निजी जानकारी जैसे आधार, पैन या ओटीपी नहीं मांगी जाएगी।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जनगणना कार्य में लापरवाही या असहयोग करने पर सेंसेस एक्ट 1948 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

पूछे जाएंगे 33 प्रकार के सवाल। जनगणना के दौरान मकान की स्थिति, परिवार के सदस्य, सुविधाएं, शिक्षा, संसाधन और अन्य सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से जुड़े कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे।

## कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का किया मनमोहक वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



सरस्वती राईस इंडस्ट्रीज तरावड़ी द्वारा हरिद्वार स्थित बाबा बंसीवाले अन्नपूर्णा आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कथा वाचन के दौरान कथावाचक आचार्य मिथलेश नन्दन कौशिक ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और धर्म के मार्ग पर चलने के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर आयोजक शीशपाल गुप्ता पटका पहनाकर डबल चाबी के निमार्ता पुष्कर गोयल एवं राईस एसोसिएशन के प्रधान नरेश बंसल को सम्मानित किया। इस अवसर पर तरावड़ी के समाजसेवी रोशन लाल गुप्ता, प्रो. शीशपाल गुप्ता, नरेश बंसल, पंकज गोयल, रोशनलाल गोयल, पुष्कर गोयल मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कथावाचक मिथलेश कौशिक ने बताया कि जीवन में सच्ची भक्ति, सेवा और सत्संग से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी माखन चोरी की लीलाएं और भक्तों के प्रति उनके प्रेम को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन होकर भगवान का स्मरण किया और कथा का आनंद लिया। आयोजकों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार भव्य आयोजन जारी रहेगा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पंकज गोयल हस पहुजा, रमेश गर्ग, सुल्तान चौधरी, कर्ण मेहला, अनिल, अमन शर्मा, यशपाल सिंगला, नीरज सिंगला, नरेश शर्मा, विनोद शर्मा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## समाधान शिविरों में प्राथमिकता से निपटाएं शिकायतें : उपायुक्त

■ जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित शिविरों में लोगों ने रखीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय और उपमंडलों में समाधान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें आमजन की शिकायतें सुनी गईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को पारदर्शी और त्वरित राहत देना है। शिविर में बिजली, पुलिस, खाद्य आपूर्ति, वन विभाग और परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतें सामने आईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

## केयू में रोहित सरदाना : स्मृति व्याख्यान एवं मेमोरियल अवार्ड आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र पूर्व छात्र संगठन एवं विद्या भारती, पूर्व छात्र परिषद और जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा रोहित सरदाना: स्मृति व्याख्यान एवं मेमोरियल अवार्ड- 2026 का आयोजन श्रीमद्भगवद्गीता सदन के सीनेट हॉल में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि अवनीश भटनागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या भारती ने राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में केयू जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा रोहित सरदाना की स्मृति में बनाई गई डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रोहित सरदाना ने पत्रकारिता की बुलंदियों तक पहुंचाया। रोहित सरदाना ने पत्रकारिता के जिन मूल्यों, आदर्शों को स्थापित किया है उनका भावी पत्रकारों को अनुसरण कर प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रोहित सरदाना की स्मृति में व्याख्यान और अवार्ड-2026 शिक्षा भारती के पूर्व विद्यार्थी परिषद और जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आरंभ करना बड़े गर्व की बात है क्योंकि रोहित सरदाना ने एक नई पत्रकारिता का आरंभ किया जिसमें राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्र समर्पण की भावना थी। उन्होंने कहा कि बेहद कम उम्र में भारत सरकार द्वारा पत्रकारिता श्रेणी का सबसे बड़ा गणेश शंकर विद्यार्थी अवार्ड मिलना कोई मामूली बात नहीं बल्कि पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों सिद्धांतों को दशार्ता है। डॉ. अमित आर्य, कुलगुरु, दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स, रोहतक ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि रोहित सरदाना राष्ट्रवादी सोच के व्यक्ति थे इसलिए उनकी निर्भीक पत्रकारिता भी राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत रही।

**धर्म-कर्म** हरिओम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

# भागवत कथा के श्रवण से मिलती पापों से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंदिर के पुजारी कथावाचक पंडित अरूण मिश्रा ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती है। कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवान नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते कथावाचक पंडित अरुण मिश्रा।

### बिना कर्म कुछ संभव नहीं

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे कि गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। भागवत कथा सुनते ही ज्ञान और वैराग्य जाग जाए।

### भजनों पर संगत हुई भाव-विभोर

संगत ने कथा के साथ भजन संगीत का आनंद लिया। कथा में सुनाए गए भजनों पर संगत भाव विभोर हो उठी। इस अवसर पर पवन गुप्ता, सुभाष अरोड़ा, विपिन गुप्ता, प्रवीण गोयल, वीना गुप्ता, अचला अरोड़ा, सरोज गुप्ता, माया रानी, विजय अरोड़ा, सुभाष चंद गुप्ता, वेदप्रकाश जेटली, दर्शना देवी, विमल गर्ग, वीना जेटली, मंजू, रंजना गर्ग सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### अभियान के तहत नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ एक विशेष और व्यापक जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गठित की पुलिस की जागरूकता टीम ने वीरवार को लाल बत्ती चौक के पास स्थित राजकीय स्कूल का दौरा कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों से मेहनत के साथ शिक्षित कर जीवन में तरक्की करने का आह्वान किया गया।

### पानीपत सीआईए टू ने चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने हुडा सेक्टर-11 में मिठाई की दो दुकानों का शटर उखाड़कर नकदी चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी शिवम सिंगला पुत्र रामकरण निवासी हुडा सेक्टर 11 को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि शिवम ने अपने साथियों फैजान, उस्मान व साहिब के साथ मिलकर इसी सेक्टर में स्थित मिट्ठन की मिठाई की दो दुकानों का शटर उखाड़कर चोरी की वारदात की थी। वहीं, चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में हुडा सेक्टर 12 निवासी राजेंद्र गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज है।

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में सहयोग दिवस मनाया

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल गांव सिवाह में सहयोग दिवस का बहुत ही आत्मीयता के साथ आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी सहयोगी कर्मचारियों को विशेष सम्मान दिया गया। वहीं, बस चालकों, परिचालकों, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंजु गुप्ता, ममता सचदेवा, अशोक कुमार, अलका बत्रा आदि उपस्थित रही।

### पत्रकार वीएन सुधाकर को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** वरिष्ठ पत्रकार स्व.वीएन सुधाकर को पुण्यतिथि पर हरियाणा पत्रकार संघ ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल ने पत्रकार के रूप में वीएन सुधाकर की समाजहितैषी कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। सुधाकर ने अपने जीवनकाल में अंग्रेजी, उर्दु, हिंदी, पंजाबी भाषाओं के समाचार पत्रों में सेवाएं दी। वहीं, सुधाकर को वरिष्ठ पत्रकार अशोक चुघ, मोहन लाल, सतीश शर्मा, राम मेहर कौशिक आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### असिस्टेंट डायरेक्टर रीता शर्मा रिटायर हुई

**पानीपत।** हरियाणा ईएसआई हेल्थ केयर मुख्यालय पंचकूला से असिस्टेंट डायरेक्टर नर्सिंग के पद पर कार्यरत रीता शर्मा वीरवार को सेवा निवृत्त हो गई। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में विभाग की डायरेक्टर अंजलि सचदेवा, एसएमओ डॉ.सुनीता कल्याण, एसएमओ डॉ.सरिता, उप निदेशक डॉ. भूपेंद्र, डॉ. रिद्धिम ने रीता शर्मा स्मृति चिंह भेंट किया। कार्यक्रम में रीता शर्मा पति चंद्रशेखर धरणी, बेटा अक्षिल धरणी, पुत्रवधु पूर्वा धरणी, बेटी अक्षिता धरणी, भाई राजीव शर्मा, भतीजी भव्या शर्मा, वृद्धि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर मुख्यातिथि रहीं

# प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान से जुड़ने लगे पर्यावरण प्रेमी : प्रो. दलजीत

- पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारा सामाजिक व मानवीय कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहिम प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर मुख्यातिथि, उप-प्रधान ज्योत्सना गर्ग, विशिष्ट अतिथि तथा कार्यकारिणी सदस्य रेनु बंसल, रचना सैनी आदि को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही महाविद्यालय के हर्बल बॉटनिकल गार्डन में नींबू का पौधा रोपित करवाया गया। पर्यावरण प्रेमी प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान से जुड़ने लगे।


**पानीपत।** राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते हुए अतिथि, टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

### घर-घर हर्बल के तहत केदार तुलसी और कपूर तुलसी के पौधे भेंट किए

ग्रीनमैन कि मुहिम हर घर हर्बल, घर-घर हर्बल के तहत केदार तुलसी और कपूर तुलसी के पौधे अतिथियों को भेंट किए गए, जिससे औषधीय पौधों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कंचन सागर ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय प्रयास है। हर्बल बॉटनिकल गार्डन प्रकृति सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा। इधर, ज्योत्सना गर्ग ने कहा कि आज के समय में इस प्रकार की मुहिम अत्यंत आवश्यक है। वहीं, प्रो. दलजीत के प्रयासों से लोग औषधीय पौधों और पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। यह अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जबकि ग्रीनमैन दलजीत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारा सामाजिक व मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने सभी से इस मुहिम से जुड़ने और प्रकृति सेवा में योगदान देने का आह्वान किया।


**पानीपत।** मुख्य डाक घर पर प्रदर्शन करते हुए पोस्टमैन। फोटो : हरिभूमि

# मुख्य डाक घर पर किया पोस्टमैनों ने प्रदर्शन

- आईडीसी पर लगाया शोषण करने व तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत में मुख्य डाक घर में नियुक्त डाकियों ने आईडीसी प्रभारी रजनी वर्मा पर उनके साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी डाकियों ने प्रवर अधीक्षक, करनाल मंडल को भी आईडीसी प्रभारी रजनी वर्मा के खिलाफ लिखित शिकायत भेज कर डाकियों को मानसिक रूप से प्रताडित करने का आरोप लगाया है। डाकियों का आरोप है कि आईडीसी प्रभारी रजनी वर्मा, उन्हें परिवार में किसी की मृत्यु होने, बीमारी या दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी उन्हें छुट्टियां नहीं देती। डाकियों का आरोप है कि रजनी वर्मा के तानाशाही रवैया के चलते वे ठीक से कामकाज नहीं कर पा रहे है। रजनी वर्मा, बीट की डाक वितरण लिस्ट दोपहर 12 बजे के बाद देती है, इसके चलते डाकियां दोपहर एक बजे के करीब डाक वितरण के लिए फील्ड में जा पाते है। वहीं, वापसी का समय शाम चार बजे तय है। इन तीन घंटों की समयावधि में 300 से अधिक स्पीड पोस्ट बांटना असंभव है।

# पानीपत शुगर मिल में विश्व शांति के लिए यज्ञ किया

- एमडी नवदीप सिंह नैन ने प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत शुगर मिल परिसर, गांव डाहर में निर्माणाधीन श्री हनुमान मंदिर में सभी की सुख समृद्धि, शांति और विश्व कल्याण को लेकर एक सप्ताह से 11 पंडितों द्वारा किये जा रहे महामृत्युंजय जाप, अखंड रामायण पाठ व शिव रुद्राभिषेक को यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ विराम दिया गया। वहीं, शुगर मिल के एमडी एवं इसराना एसडीएम नवदीप सिंह नैन सहित मिल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में आहूति डाली। एमडी नवदीप सिंह नैन ने प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। बता दे कि शुगर मिल परिसर में 24 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चली पूजा पाठ मुख्य पुरोहित राजीव शर्मा , नरेश भारद्वाज कुराड़ व पंडित रामबीर, गौरव, सुमित, साहिल, मनोज, बिजेंद्र, तनुज, संदीप व सुशील द्वारा की गई। इस दौरान एमडी नवदीप ने निर्माणाधीन हनुमान मंदिर के पास बेलपत्र का पौधा लगाया। मिल के निर्माणाधीन हनुमान मंदिर में सभी की सुख समृद्धि और विश्व कल्याण के लिये एक सप्ताह तक पूजा पाठ की गई है।


**पानीपत।** शुगर मिल में यज्ञ करते हुए अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सीएओ कैलाश चंद्र, चीफ इंजीनियर राजकुमार, चीफ केमिस्ट बीएस हुड्डा, कैन मैनेजर कर्मबीर बडौली, डिप्टी चीफ इंजीनियर रवि मान, एकाउंटेंट यशपाल, डिप्टी चीफ केमिस्ट अमरीश कुहाड, एलए प्रवीन देशवाल, परचेज ऑफिसर सुरजीत डोरे, सीडीओ विनय कुमार, एसओ ईश्वर कादियान, इंजीनियर काशीनाथ शाहु, पीए विजय राठी, गार्डिनिंग सुपरवाइजर बिजेंद्र मलिक, विरेंद्र राणा, फूलकुमार, सुधीर शर्मा, राकेश जैन समेत मिल के कर्मचारी व मजदूर उपस्थित रहे।

### विवाहिता की जहर के दुष्प्रभाव से मौत

**पानीपत।** गांव रिसालू में 20 वर्षीय विवाहिता मनीषा की कथित रूप से जहर के दुष्प्रभाव से निजी अस्पताल में मौत हो गई। दूसरी ओर, वीरेंद्र निवासी गांव पेंगा जिला जींद ने थाना चांदनी बाग पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत वर्ष 25 नवंबर को आशीष मलिक के साथ उनकी बेटी मनीषा का विवाह हुआ था। वहीं, सुसराल वाले दहेज के लिए मनीषा के साथ मारपीट करते थे। इधर, 29 अप्रैल को मनीषा की निजी अस्पताल में मौत हो गई। मेडिकल जांच में पता चला कि मनीषा की मौत जहरीले पदार्थ के दुष्प्रभाव से हुई है। वहीं वीरेंद्र की शिकायत पर थाना चांदनी बाग ने पति आशीष, सुसर जोगिंद्र, सास रजनेश उर्फ बबली, ननद शालिनी उर्फ सानू, देवर प्रिंस पर केस दर्ज किया। इधर, पुलिस ने वीरेंद्र के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद मनीषा का शव उन्हें सौंप दिया।

**न्यूज डायरी**



### भागवत कथा करवाने व सुनने वाले पुण्य के भागी : गोपाल

**पानीपत।** इस्कॉन कुरुक्षेत्र एवं इस्कॉन प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुडा सेक्टर 12 स्थित कटारिया एस्टेट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं भगवान श्रीकृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत वीरवार को प्रातःकालीन सत्र में भव्य प्रभात फेरी एवं हरिनाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। वहीं, इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एवं कथा व्यास साक्षी गोपाल दास ने श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस पर नरसिंह चतुर्दशी के पर भगवान श्री नरसिंहदेव का विशेष गुणगान एवं महिमा वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने वाले, कथा सुनने वालों पर परमात्मा की विशेष कृपा करनी रहती है। इस अवसर पर सियाराम गुप्ता, राम निवास गुप्ता, सुंदर लाल चुघ, आशु गुप्ता, अशोक गोयल, राजेश गोयल, सन्नी अग्रवाल, राजन गुप्ता, साहिल गुप्ता, संचित गुप्ता, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज मेहंदीरत्ता व भुवन चुघ आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### निदेशक ने निरीक्षण किया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा के निदेशक जितेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की साफ़ सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा भी मौजूद रहे। निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा जितेंद्र कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा विद्यालयों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### दो बच्चों को स्कूल भेजा

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा वीरवार को फिर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दो बच्चों का प्रवेश दूसरी एवं तीसरी कक्षा में में विद्या भारती मॉडर्न स्कूल खादी आश्रम में करवाया गया। वहीं, समिति के सदस्य पवन खुराना व राजिंद्र खुराना ने बताया कि दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च समिति वहन करेगी।

### अमेजन ने विस्तार किया

**पानीपत।** अमेजन ने अमेजन नाउ का विस्तार करने की घोषणा की है। वहीं, देश के 100 शहरों में मिनटों में डिलीवरी मिलेगी। इसके लिए कंपनी 1000 से ज्यादा माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर खोलने जा रही है। ग्राहक भी अमेजन नाउ से आसानी से खरीदारी कर सकेंगे। हर्ष गोयल वाइस प्रेसिडेंट एवरीडे एसेंशियल्स अमेजन इंडिया ने कहा ग्राहक अमेजन नाउ को पसंद कर रहे हैं। खासकर हमारी तेज डिलीवरी, किफायती दाम और किसानों से सीधे आने वाली ताजी उपज की गुणवत्ता को।

### सांसद के प्रति रोष जताया

**पानीपत।** भाजपा राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.भजन लाल के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने पर भाजपा कार्यकर्ता व कुलदीप बिश्नोई समर्थक डा.सोहन लाल ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सांसद रेखा को, पूर्व सीएम भजनलाल पर अभ्रद टिप्पीण नहीं करनी चाहिए थी। वहीं वे इस मामले को लेकर अदालत में जाएंगे।


**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के आवास पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व सांसद संजय भाटिया।

### पानीपत के 35 गांवों का होगा कायाकल्प

**पानीपत।** मंत्री मनोहर ने गांव आसन कलां, बराना, डेरा सिकलीगढ़, बापौली, चुलकाना, नौल्था, नौल्था डूंगरान, मतलौडा, खोतपुरा, बबैल, दीवाना, छोटी राजापुर, शिमला मुलाना, उरलाना कलां, शोधापुर, सूताना, आदियाना, कवी, सिथाना, उझा, फरीदपुर, जलमाना, जलालपुर प्रथम, नारायना, खोजकीपुर, उग्राखेड़ी, पट्टी कल्याणाना, भोड़वाल माजरी, काबडी, बिंझौल, कुराना, राजा खेड़ी और मोहाली गांव का पहले चरण में ग्राम सचिवालय, पार्क, व्यायामशाला, शिवधाम, स्कूलों के रास्ते और चारदीवारी, शौचालय, कमरे, बैंच डेस्क, गांव के तालाब, लाइब्रेरी, स्ट्रीट लाईट, फिरनी, सीवरेज के कार्य को सिरे चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन जिन गांवों में कार्य चल रहा है या पूरा हो चुका है। जहां भूमि उपलब्ध नहीं है या भूमि उपलब्ध है और कार्य शुरू नहीं हुआ है। इन सबका सारा डाटा एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि 35 गांवों के बाद जिला के 198 गांवों में इन सभी कार्यों को लेकर लिस्टिंग की जाएगी और जिला से लेकर मुख्यालय स्तर तक का विकास कार्य तैयार किया जाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, शिक्षा विभाग के निदेशक जितेंद्र दहिया, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक अनीश यादव, डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया, सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण सिंह आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाल से ममता बनर्जी की तानाशाह सरकार का अंत तय : मनोहरलाल

- मंत्री मनोहर ने पानीपत के ग्रामीण अंचल के विकास को लेकर जिला सचिवालय में बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दावा किया कि बंगाल की जनता को ममता बनर्जी की तानाशाह सरकार से मुक्ति मिलेगी और वहां भाजपा की सरकार बननी तय है। उन्होंने पंचकूला प्लॉट घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का नाम आने पर कहा कि घोटालेबाजों का नाम कहां-कहां नहीं है, सब जगह इन लोगों ने खेल खेले हुए हैं। अब एक-एक कर परतें उखड़ रही हैं और असलियत सामने आ रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी ओर, मंत्री मनोहर ने पानीपत के ग्रामीण अंचल के विकास को लेकर जिला सचिवालय में बैठकी की।

उन्होंने कहा कि गांवों के विकास को लेकर मुख्यालय स्तर पर जो भी फाइल विकास कार्यों को लेकर भेजी जाए उसकी क्लीयरेंस एक सप्ताह में अवश्य कर दें। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिनों में निदेशालय स्तर से गांव के बजट का पूरा डाटा संबंधित अधिकारियों के पास जिला में भेज दिया जाए, साथी ही बीडीपीओज 31 मई तक हर गांव का बजट का डेटा बनाकर मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर गांव के लिए कितना बजट प्राप्त हुआ कितना मांगा गया थाए कितना खर्च किया जाना था और कितना खर्च किया गया है। यह सारी डिटेल आगामी बैठक से पहले तैयार कर ले ताकि आगामी बैठक में इन कार्यों पर विचार विमर्श किया जा सके।


**पानीपत।** आईबी कॉलेज में टीचर्स के साथ स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, उप-प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक व अन्य सभी प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह व उपप्राचार्या व विभागाध्यक्षा डॉ. शशि प्रभा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर जहां हमें अपने प्रिय विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है, दूसरी ओर उनसे बिछड़ने का दुःख भी है। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियां आएगी। वहीं, हमें विश्वास है कि आप अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर हर कठिनाई को पार करेंगे। वहीं, कार्यक्रम में बीए अंतिम वर्ष से नितिन को मिस्टर फेयरवेल, सुहिल को 'मिस्टर पर्सनालिटी' और साहिबा को 'मिस फेयरवेल', पूनम को 'मिस ऑलराउंडर' का खिताब मिला। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# त्रिवेणी रोप कर सेवानिवृत्त हुए डीईईओ सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने वीरवार को अपनी सेवानिवृत्त पर पानीपत जिला शिक्षा कार्यालय प्रांगण में बड़, पीपल और नीम की त्रिवेणी लगाई। पानीपत कब डीओसी हरिओम ने बताया कि पानीपत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में हरियाणा शिक्षा विभाग में नौकरी ज्वाइन की थी फिर प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, उप जिला शिक्षा अधिकारी के रुप में कई जिलों में कार्य करते हुए पानीपत में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रुप में दो वर्ष काम किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज बहुत ही कर्मठ अधिकारी रहे। सेवानिवृत्ति समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों व विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों ने सुभाष भारद्वाज को स्मृति चिंह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता कादियान, बिजेंद्र, कब मास्टर बोधराज, रामनिवास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी, उन्हें जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया

# श्रीमद् भागवत गीता के 12वें अध्याय का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

गीता परिवार उत्तरांचल की प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता की देख रेख में चल रहे खेड़ा पब्लिक स्कूल, गांव नांगल खेड़ी में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का वीरवार को अत्यंत गरिमामयी एवं प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में विद्यार्थियों ने पूरे समर्पण और उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिला। शिविर के दौरान गीता सेवी ममता वर्मा ने श्रीमद् भागवत गीता के 12 वें अध्याय का पाठ करवाकर विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी और उन्हें जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया। भारतीय पद्धति के अनुसार जन्मदिन कैसे मनाना चाहिए यह सब भी ममता वर्मा ने बड़े विस्तार से बताया जिसको जानकर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बड़ी सराहना की और कहा कि भविष्य में वे सब भी जन्म दिवस इसी पद्धति के अनुसार मनाएंगे। गीता सेवी सोनू रानी और मुकेश देशवाल ने खेल प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया, जिससे प्रतिभागियों में टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास हुआ। कार्यक्रम में गीता सेवी डॉ. राजेश भारद्वाज द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। गीता सेवी प्रदीप ने योग, ध्यान एवं व्यायाम सत्र का आयोजन कर सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और मानसिक शांति का महत्व बताया।


**पानीपत।** खेड़ा पब्लिक स्कूल में बाल संस्कार शिविर में भाग लेते स्टूडेंट्स व टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

**न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**
1. श्री मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ 2. श्रीमति मन्जू पत्नी श्री मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ निवासीगण तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत।
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सागर चौपडा पुत्र श्री मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ निवासी मकान नम्बर 714/9, रमेश नगर, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप में बताया गया है।
यह कि प्रार्थी के पिता श्री मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ चौपडा बतौर रपट नम्बर 14 दिनांक 05/04/2008 पीपी तहसील कैम्प पानीपत द्वारा अनटरेस रिपार्ट अनुसार देहान्त हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है।
यह है कि प्रार्थी की माता श्रीमति मन्जू पत्नी श्री मुकेश चौपडा का देहान्त दिनांक 09/02/2021 को हो चुका है व प्रार्थी की दादी का देहान्त काफी अरसे पहले हो चुका है प्रार्थी के माता व पिता श्रीमति मन्जू पत्नी श्री मुकेश चौपडा व मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ के देहान्त के बाद 2 ही जायज वारिस हैं। 1 सागर चौपडा पुत्र 2. मेघा पुत्री लेट श्री मुकेश चौपडा पुत्र श्री रघुबीरनाथ के है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है।
इनके इलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29/04/2026 का मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### चोरी की मोटरसाईकिल के साथ आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाईकिल रखने के मामले में आरोपी को काबू किया। जांचटीम को सूचना मिली थी कि आरोपी चोरी की मोटरसाईकिल लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए दशहरा ग्राउंड के पास से आरोपी को काबू कर उससे मोटरसाईकिल जब्त की। जांच के दौरान आरोपी बाइक के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। आरोपी की पहचान अजय कुमार उर्फ आशू के रूप में हुई।

### क्यूआर कोड़ सेधोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** अंबाला छावनी बस स्टैंड के पास एक दुकानदार से क्यूआर कोड के जरिए धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी गई पूरी राशि बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। शिकायतकर्ता सुमित कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि एक व्यक्ति ने उनकी दुकान पर आकर चालाकी से 5900 अपने बताए हुए एक खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से डलवा लिए और बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गया। आरोपी की पहचान विकास कुमार वासी गांव बैंडी यमुनानगर के रूप में हुई है।

### नशे में धुत दो युवकों ने तोड़फोड़ कर दी धमकी

**अंबाला।** अंबाला कैंट स्थित महेश नगर थाना क्षेत्र के खुड्डा खुर्द गांव की अविनाशपुरी कॉलोनी में तड़के सुबह करीब 4 बजे शराब के नशे में धुत दो युवकों ने एक घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और मां-बेटे को 20 दिन के भीतर गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित साहिल सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब पूरा परिवार सो रहा था, तभी कमलदीप पुनिया और संजू पुनिया एक काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी में सवार होकर आए। दोनों शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने जबरन घर में घुसकर हमला किया, बीयर की बोतलें फेंकी और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए शोर मचाया। साहिल ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी।

### एक ही जमीन तीन बार बेचकर 12 लाख की ठगी

**बराड़ा।** गांव सुभरी में जमीन के नाम पर हुई सुनियोजित ठगी ने सिस्टम की खामियों को उजागर कर दिया है। दो सगे भाइयों ने एक ही जमीन को तीन बार बेचकर करीब 12 लाख रुपये ठग लिए। हैरानी की बात यह है कि अदालत से मुकदमा हारने के बावजूद आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा रजिस्ट्रियां कर डालीं। जानकारी के अनुसार, नराता राम और प्यारे लाल ने वर्ष 2011 में 8 कनाल जमीन हरपाल कौर और हरप्रीत कौर को बेच दी थी। बाद में उन्होंने इस सौदे को अदालत में चुनौती दी लेकिन 2016 में सिविल कोर्ट और 2019 में जिला अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी। इसके बावजूद आरोपियों ने साजिश रचते हुए 2019, 2023 और 2024 में फर्जी दस्तावेजों के जरिए उसी जमीन को अलग-अलग लोगों को बेच दिया। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने तहसील रिकॉर्ड में हेरफेर कर पहले इंतकाल रुकवाया और फिर रिकॉर्ड बदलवाकर जमीन को दोबारा अपने नाम दर्शा दिया।

## मंत्री अनिल विज ने ग्रामीणों को दिखाया नक्शा, जताई संतुष्टि

# रिंग रोड से पंजोखरा साहिब तक बनेंगे तीन अंडरपास व सर्विस लेन

जड़ौत-पंजोखरा साहिब रोड, बसौली-पंजोखरा साहिब रोड और तिसंबली-पंजोखरा साहिब रोड पर तीनों अंडपास बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज के साथ ग्रामीणों को एनएच अधिकारी रिंग रोड का नक्शा दिखाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

यहां बन रहे रिंग रोड से गांव पंजोखरा साहिब की ओर आना-जाना बेहद आसान होगा। रिंग रोड तक आने-जाने के लिए गांव पंजोखरा साहिब में नेशनल हाईवे ऑर्थोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा तीन अंडरपास तथा लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सर्विस लेन बनाई जा रही है। मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा के उपरांत गांव पंजोखरा साहिब के निवासियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रिंग रोड से दूसरी तरफ भी आने-जाने के लिए गांव के निवासियों को दिक्कत नहीं होगी और निश्चित अंतराल के बाद तीन अंडरपास यहां पर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा साहिब के ठीक पास से एक सर्विस लेन भी बनाई जा रही है जिसकी कनेक्टिविटी रिंग रोड पर होगी। इससे पहले एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीके सिन्हा ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि रिंग रोड पर जो तीन अंडरपास हैं वह जड़ौत-पंजोखरा साहिब रोड, बसौली-पंजोखरा साहिब रोड और तिसंबली-पंजोखरा साहिब रोड पर है। तीनों अंडरपास के जरिए ग्रामवासी रिंग रोड के दोनों तरफ आसानी से आ-जा सकेंगे। रिंग रोड पर भी चढ़ने के लिए सर्विस लेन से रास्ता उपलब्ध होगा। इस मौके पर मौजूद गांव पंजोखरा साहिब के लोगों ने बनाई जा रही रिंग रोड के लिए उनका धन्यवाद जताया। ग्रामवासियों ने कहा कि गांव में ही रिंग रोड पर तीन अंडरपास और सर्विस लेन बनने से उन्हें आने-जाने में दिक्कत उत्पन्न नहीं होगी। गौरतलब है कि पूर्व में पंजोखरा साहिब के निवासियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए उन्हें रिंग रोड तक आने-जाने के लिए सर्विस लेन बनाने की मांग की थी जो अब पूरी हो चुकी है। यहां लगभग 40 किमी. लंबी सिक्स लेन ग्रीनफील्ड रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है जोकि आगामी समय में जल्द पूरा होने वाला है। रिंग रोड निर्माण का उद्देश्य शहर के ट्रैफ़िक जाम को कम करना है। इस परियोजना के तहत एनएच 152, एनएच-344, एनएच-444A और एनएच-44 (दिल्ली-जलंधर) को आपस में जोड़ा जाएगा जिससे अंबाला छावनी और शहर क्षेत्र में ट्रैफ़िक जाम की समस्या दूर होगी और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार पंक्ति में मौजूद अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। जिससे आमजनों को काफी लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश खूब तरक्की कर रहा है।

## पंजोखरा साहिब व बरनाला के सरपंच भाजपा में शामिल



**अंबाला।** भाजपा में शामिल होते कांग्रेसी सरपंच।

- ऊर्जा मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सरपंचों ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर गांव पंजोखरा साहिब के सरपंच सुखजिंद्र सिंह और गांव बरनाला से सरपंच कंवलजीत सिंह ने कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। विज के आवास पर पहुंचे दोनों सरपंचों को मंत्री अनिल विज ने सम्मानपूर्वक भारतीय जनता पार्टी के पटके पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया गया। उन्होंने दोनों सरपंचों को पार्टी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने तथा समाज हित में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा में शामिल हुए सरपंच सुखजिंद्र सिंह व सरपंच कंवलजीत सिंह ने कहा कि वह ऊर्जा मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से बेहद प्रभावित है और इसी वजह से उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज ने समूचे अम्बाला छावनी में विकास को तीव्र गति से बढ़ाया है जिसका क्षेत्र की जनता को मुख्य तौर पर सीधा लाभ प्रदान हो रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल के प्रभारी किरण पाल चौहान, अध्यक्ष विकास बहगल, वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



### 32 वर्ष की सेवा के बाद मार्केट कमेटी के सचिव अफसर सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

**शहजादपुर।** मार्केट कमेटी के सचिव अफसर लगभग 32 वर्ष की सफल सरकारी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, आढ़तियों, किसानों तथा मार्किट कमेटी के कर्मचारियों ने भाग लेकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सचिव अफसर ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाया। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव और कार्यशैली से विभाग को निरंतर लाभ मिला है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, सुखद और सफल जीवन की कामना की। मार्केट कमेटी चेयरमैन गोपाल मित्तल ने कहा कि अफसर ने किसानों और आढ़तियों के हित में हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई। उनके सहयोग और नेतृत्व से कमेटी को नई दिशा मिली है। समारोह के दौरान एसडीएम, मार्केट कमेटी सचिव गोपाल मित्तल, डीएमईओ राजीव सोलंकी, वाइस चेयरमैन जगदीप राणा, मार्किट कमेटी सचिव अखिलेश शर्मा, एआर राकेश कुमार, सुपरवाइजर राजेश रानी, रामपाल, मोहम्मद रफी, रमेश कुमार सहित अनाज मंडी शहजादपुर व कड़ासन के आढ़ती और किसान तथा सब्जी मंडी के आढ़ती और किसान उपस्थित रहे।

### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में हुई पीटीएम व कर्मचारी सतबीर सिंह को दी भावभीनी विदाई

**बराड़ा।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वीरवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की पहली अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया। दूसरी ओर 24 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत कर्मचारी सतबीर सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। पीटीएम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को लेकर शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए आवश्यक सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया। इस संवाद ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को और मजबूत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अनुजा भारद्वाज ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास बेहद आवश्यक है। इसके बाद विद्यालय परिसर में सतबीर सिंह के सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने 8 अकतूबर 2002 से 30 अप्रैल 2026 तक अपनी सेवाएं निष्ठा और समर्पण के साथ दीं। इस दौरान पीपीटी के माध्यम से उनकी 24 वर्षों की सेवा यात्रा को प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या अनुजा भारद्वाज ने उन्हें पुष्पमाला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए। परिवार ने सतबीर सिंह के स्वस्थ, सक्रिय और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ससम्मान विदाई दी।



## जनगणना के लिए बांटी किट, पहले चरण में होगा मकान सूचीकरण कार्य

- उपमंडल नारायणगढ़ में 57 सुपरवाइजर और 390 प्रगणक किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



**शहजादपुर।** सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना कार्य के लिए किट वितरित करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उपमंडल के जनगणना चार्ज अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने जनगणना कार्य से जुड़े सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना कार्य के लिए किट वितरित की। इस दौरान उन्हें नियुक्ति पत्र और आई-कार्ड भी सौंपे गए, ताकि वे निर्धारित क्षेत्र में सुचारु रूप से कार्य कर सकें। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उपमंडल नारायणगढ़ में 57 सुपरवाइजर और 390 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं। नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने कहा कि जनगणना देश का एक सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार भविष्य की योजनाएं और नीतियां तैयार करती है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही न बरते। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों और प्रगणकों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सही और सटीक आंकड़े ही सरकार को विकास योजनाओं के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। जनगणना के माध्यम से प्राप्त जानकारी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के निर्माण में अत्यंत सहायक होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक पहुंचकर पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ जानकारी एकत्रित की जाए तथा लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक भी किया जाए।



### ब्रह्माकुमारीज सद्भावना अभियान में निकाली जाएगी मेरा भारत मेरी शान साइकिल यात्रा

**अंबाला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से दयाल बाग स्थित सेवा केंद्र में शांति एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत एकता पर्व 2026 का आयोजन किया जा रहा है। अंबाला कैंट में इस अभियान के तहत 1 मई से 3 मई तक विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए जाएंगे। शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग ज़ोनल कॉऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया इस एकता पर्व के अंतर्गत 3 मई को सुबह 5:30 बजे अनदेखा भारत साइकिल यात्रा मेरा भारत मेरी शान निकाली जाएगी। यह यात्रा मर्करी प्राइमरी आर्मी स्कूल चिड़िया लाइन अंबाला कैंट से शुरू होते हुए अंबाला के ऐतिहासिक इमारतों विरासत के सामने से निकलती हुई लगभग 7 बजे अपने अंतिम पड़ाव हाथी खाना मंदिर पर पहुंचेगी। इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को कैप व सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दीदी ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा है कि आप सभी भी इस साइकिल यात्रा का हिस्सा बन सकते हैं। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है।

### राष्ट्रीय ईमानदारी दिवस पर सामाजिक कार्यों के लिए स्वयंसेवकों का सम्मान

**बराड़ा।** राष्ट्रीय ईमानदारी दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की गई। जानकारी के अनुसार, स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर तथा तीन एक दिवसीय शिविरों के दौरान विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में किए गए सामाजिक कार्यों के लिए यह प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, फसल अवशेष जलाने की समस्या, नशा मुक्ति, कानूनी जागरूकता, यातायात नियमों तथा डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पराशर ने कहा कि इन प्रमाण-पत्रों से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में 5 अतिरिक्त अंक प्राप्त होंगे, जो उनके भविष्य के लिए लाभदायक साबित होंगे। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी समाज सेवा में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक राष्ट्र की तरक्की में पूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह ने स्वयंसेवकों को निरंतर समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रवक्ता राजेश कुमार, संजीव कुमार, पवन पराशर सहित स्टाफ सदस्य वीरभान, कप्तान सिंह, वीनू अरोड़ा, मयंका मेहता और प्रीति भी उपस्थित रहे।

### बिंजलपुर में मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान

**मुलाना।** बिंजलपुर स्थित सनसाइन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ और प्रेरणादायक सुविचार प्रस्तुत कर श्रमिकों के योगदान और उनके महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके परिश्रम व समर्पण का सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। इस दौरान विद्यालय के सहायक कर्मचारियों सफाई कर्मचारी, चौकीदार, माली, चालक और परिचालकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### ठगों ने किया केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम का दुरुपयोग, महिला से ठगे 9.20 लाख

**अंबाला।** साइबर ठगों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम का दुरुपयोग कर एक महिला रेलवे कर्मचारी से 9 लाख 20 हजार रुपए की ठगी की है। अंबाला छावनी की रेलवे कॉलोनी में रहने वाली 45 वर्षीय राज रानी इस धोखाधड़ी का शिकार हुईं। अंबाला साइबर क्राइम थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज रानी जो भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2025 में उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। इस विज्ञापन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर बाजार में निवेश की सलाह दी जा रही थी। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से 'दलजीत' नामक व्यक्ति का फोन आया। दलजीत ने उन्हें सरकारी प्रोत्साहन का लालच देकर निवेश के लिए उकसाया। मोटे मुनाफ के सपने दिखाए। पीड़िता के पास शुरुआत में निवेश के लिए अधिक पैसे नहीं थे। ठगों ने पहले उनसे केवल 20 हजार रुपए जमा करवाकर खाता खुलवाया। इसके बाद, उन पर दबाव बनाकर क्रेडिट कार्ड से 1 लाख रुपए और जमा कराए गए। जब पीड़िता के पास पैसे खत्म हो गए, तो ठगों ने उन्हें 'नवी फाइनेंस' का एक लोन लिंक भेजा। इस लिंक के माध्यम से महिला को 8 लाख रुपए का लोन मिला। ठगों के निर्देश पर, पीड़िता ने यह 8 लाख रुपए डिमांड ड्राफ्ट के जरिए एचकेएस ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन' नामक खाते में ट्रांसफर कर दिए। लाखों रुपये डकारने के बाद साइबर ठगों ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर जवाब देना बंद कर दिया। कई महीनों के इंतजार के बाद जब कोई रिटर्न नहीं मिला, तब राज रानी को अहसास हुआ कि उनके साथ संगठित तरीके से धोखाधड़ी की गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में एक साथ लापता हुईं तीन महिलाएं और एक बच्चा, पुलिस ने दर्ज किया केस

**शहजादपुर।** ऋषि नगर गांव से एक ही परिवार की तीन महिलाएं और एक 5 वर्षीय बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ऋषि नगर के सतीश कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 10 बजे उनकी पत्नी कुसुम (37 वर्ष), पिंकी (33 वर्ष) और जुगनी (35 वर्ष) बिना बताए कहीं चली गई हैं। जुगनी अपने साथ अपने 5 वर्षीय बेटे हिमांशु को भी ले गई है। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार, पिंकी के पास एक मोबाइल फोन भी था, जो वर्तमान में बंद आ रहा है। पुलिस की टीमें लापता महिलाओं और बच्चे की तलाश में जुट गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भागवत कथा में चार महिलाओं की तोड़ी चेन

**अंबाला।** गोबिंद नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शातिर चोर गिरोह ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का फायदा उठाकर गिरोह ने एक के बाद एक चार महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़ ली। महिलाओं को बाद में पता चला तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है, जिसमें तीन संदिग्ध महिलाएं व एक व्यक्ति वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित महिलाओं में गोबिंद नगर की राज कुमारी चावला, दुर्गा नगर की मीना, गोबिंद नगर की प्रिया, तृप्ता शामिल है। गोबिंद नगर की राज कुमारी चावला ने बताया कि वह शाम करीब 7 बजे मंदिर में कथा सुनने गई थीं। मंदिर के भीतर संगत की काफी भीड़ थी। इसी दौरान किसी ने उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली।

## ग्रामीण इलाकों में स्टाफ की कमी से आमजन परेशान

# हांफ रही आंगनबाड़ी व्यवस्था, जच्चा-बच्चा सेवाएं प्रभावित

खंड के 188 आंगनबाड़ी केंद्रों में 23 वर्कर और 43 हेल्पर के पद खाली, बच्चों को नहीं मिल रहा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




खंड में आंगनवाड़ी व्यवस्था बदहाली की कगार पर पहुंच चुकी है। जिन केंद्रों पर बच्चों के पोषण और शुरुआती शिक्षा की जिम्मेदारी है वहीं स्टाफ की भारी कमी से व्यवस्था लड़खड़ा रही है। हालात यह हैं कि काम किसी व्यवस्थित प्रणाली से नहीं, बल्कि "जुगाड़" के सहारे चल रहा है, जिसका सीधा असर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ रहा है। खंड के 188 आंगनवाड़ी केंद्रों में 23 वर्कर और 43 हेल्पर के पद खाली पड़े हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि एक-एक वर्कर को दो-दो केंद्रों की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है। नतीजतन बच्चों को पूरा समय नहीं मिल पा रहा और पोषण सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। हालांकि विभाग जून तक हालात सुधरने का दावा कर रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि वर्षों से खाली पदों के सहारे चल रही व्यवस्था क्या इतने कम समय में पटरी पर लौट पाएगी। क्योंकि आंगनवाड़ी केंद्र सिर्फ इमारत नहीं, बल्कि समाज की बुनियाद हैं और इस बुनियाद में आई दरारें भविष्य पर असर डाल सकती हैं।

### विभाग की निगरानी व्यवस्था कमजोर

इतना ही नहीं विभाग की निगरानी व्यवस्था भी कमजोर हो चुकी है। सात सर्कलों में मात्र पांच सुपरवाइजर कार्यरत हैं, जिससे एक-एक अधिकारी को अतिरिक्त सर्कल संभालना पड़ रहा है। ऐसे में जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग लगभग नाममात्र की रह गई है। सरकारी योजनाओं में संतुलित आहार और खेल-खेल में शिक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में कर्मचारी अतिरिक्त बोझ तले दबे हुए हैं। कई केंद्रों पर काम का दबाव इतना अधिक है कि गुणवत्ता बनाए रखना चुनौती बन गया है। लंबे समय तक अनदेखी के बाद अब महिला एवं बाल विकास विभाग हरकत में आया है। 21 अप्रैल को जारी आदेशों में पहले हेल्परों को वर्कर बनाने और फिर नई भर्ती करने की बात कही गई है। विभाग ने 30 अप्रैल तक पदोन्नति, 31 मई तक समायोजन और 30 जून तक सभी रिक्त पद भरने का लक्ष्य तय किया है।